## अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा 2023-24

**विषय - हिन्दी**

**कक्षा- 7वीं**

**समय- 2.45 घण्टे** **पूर्णांक 70**

==============================================================

**निर्देश:-**

(1) विद्यार्थी सर्वप्रथम पेपर के ऊपर अपना नामांकन लिखे।

(2) इन प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखे।

(3) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।

---

1. सही उत्तर का चयन करें |

क. हिमालय की बेटियां पाठ के लेखक है |

(अ) यतीश अग्रवाल (ब) जैनेन्द्र कुमार (द)

(स) शिवप्रसाद (द) नागार्जुन

ख. पेट जो न कराए, सो थोड़ा यह सोच है।

(अ) मुरली वाले की (ब) रोहिणी की

(स) दादी की। (द) विजय बाबु (ब)

ग. पेड़ का स्वभाव था।

(अ) घमंडी (ब) चंचल

(स) अकड़बज (द) मिलनसार (द)

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👉

घ. शाम के शांत वातावरण में अचानक बोल उठा था।

(अ) कौआ (ब) मोर

(स) पपीहा (घ) गीदड़ (ब)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(अ) विपति कसौटी जे कसे........सांचे मीत । तेई

(ब) जाल परे जल जात बही, तजि मीनन को ....। मोह

(स) ...... की सी रीत हैं, सीत घाम औ मेह । धरती

(द) तुम्हारा गाना सुनने के लिए...... रहा हूं । तरस

3. विशेषण किसे कहते हैं तथा इसके कितने भेद होते हैं ?

उतर- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण के कहते हैं।

यह चार प्रकार के होते है:- गुणवाचक परिमाणवाचक संख्यावाचक और संकेतवाचक ।

4. निम्न के विलोम शब्द लिखिए।

अधिक, फादर, आरंभ, अंधकार

उतर- कम, निराधर, समाप्त, प्रकाश

5. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखिये ।

भेद खुलना, नौ दो ग्यारह होना

उतर- भेद खुलना- रहस्य मालूम होना

नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

16. पक्षी कैसा जीवन जीना चाहते हैं?

उतर- पक्षी स्वतंत्र और स्वच्छंद जीवन जीना चाहते हैं।

7. कठपुतली कविता में कवि क्या कहना चाहता है ?

उतर- इस कविता में कवि यह कहना चाहता है की परतंत्रता में कोई खुश नहीं रहता सभी स्वतंत्रता का जीवन जीना चाहते है।

8. लाल रक्त कण शरीर के लिए क्या कार्य करते हैं?

उतर- लाल रक्त कण हमारे शरीर के लिए दिन-रात काम करके सांस लेने पर जो ऑक्सीजन शरीर में जाती है उसे पूरे शरीर में पहुंचाने का काम करते।

9. धनी पुरुष निर्धन भए, करें पासी ली बात । निम्न पंक्ति का क्या अर्थ है ?

उतर- कई लोग गरीब हो जाने पर भी दिखावे तू अपनी अमीरी की बातें करते रहते हैं।

10. कंचा कहानी का उद्देश्य क्या है ?

उतर - कहानी का उद्देश्य यह बताना है की बच्चों की अपनी अलग अलग दुनिया होती है वह मनोरंजन में ज्यादा रुचि रखते हैं अभिभावकों को उनकी मनोभाव ना समझनी चाहिए।

11. रोहिणी मिठाई वाले के बारे में जानने के लिए उत्चुक क्यों थी ।

उतर - मिठाईवाला पहली बार खिलौने लेकर आया था तथा उसने बच्चों को रास्ते में खिलौने दिए थे फिर वह मुरली बेचने आया था और अब मिठाई वाला बंद कराया अबकी बार रोहिणी यह जान लेना चाहती है कि वह लागत से कम कीमत पर वस्तुएं क्यों देता है और उसका बच्चों से धुल मिल जाने का क्या कारण है।

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👉

12. हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की ।

उतर- लेखक ने हिमालय से निकलने वाली नदियां बर्फीली चोटियों वहां पर पाए जाने वाले वृक्षों विशाल मैदानों सागर तथा अद्भुत हिमालय की प्रशंसा की।

13. दादी मां बुखार से पीड़ित लेखक की देखभाल कैसे करती थी ।

उतर- दादी मां बुखार से पीड़ित लेखक की चारपाई के पास रात दिन बैठी रहती थी कभी उस पर पंखा चलाती कभी उसके जलते हाथ पैर कपड़े से सहलाती सिर पर दालचीनी का लेप करती और भी बार बार सुकर ज्वर का अनुमान करती ।

14. ग्रीष्मावकाश में आने के लिए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

उतर-

उदयपुर,

10 मई, 20XX

प्रिय नरेश,

सप्रेम नमस्ते!

यहाँ सब सकुशल हैं और तुम्हें सानन्द चाहते हैं। मेरी वार्षिक परीक्षा पूरी हो गई है। तुम्हारी परीक्षा भी समाप्त हो गई होगी। मेरी हार्दिक इच्छा है कि इस बार ग्रीष्मावकाश में तुम हमारे यहाँ आ जाओ। मैंने माताजी से इस सम्बन्ध में स्वीकृति ले ली है। यहाँ उदयपुर में अनेक पर्यटन स्थल हैं। दोनों मित्र साथ-साथ रहकर ग्रीष्मकाल का सुखद उपयोग कर सकेंगे। मेरा यह आग्रह अवश्य ही स्वीकार करना।

अपने पिताजी एवं माताजी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा स्नेही

विनोद

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें।

(अ) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (ब) रक्षा बंधन

(स) मेरे प्रिय गुरुजी (द) कोरोना महामारी

उत्तर- रक्षाबन्धन

1. प्रस्तावना - भारत में अनेक त्योहार मनाये जाते हैं। रक्षाबन्धन भी यहाँ का एक प्रमुख त्योहार है। यह भाई- बहन के प्रेम का एक पवित्र त्योहार है।

2. मनाने का कारण- रक्षा-बन्धन के त्योहार को मनाने के पीछे अनेक दन्तकथाएँ हैं। वामनावतार और राजा बलि की पौराणिक कथा इससे सम्बन्धित है। वैसे तो प्राचीन समय में वैदिक आचार्य अपने शिष्य के हाथ में रक्षा का सूत्र बाँधकर उसे वेदशास्त्र में पारंगत करते थे, परन्तु अब इस त्योहार ने भाई-बहिन के पवित्र रिश्ते का रूप धारण कर लिया है।

3. मनाने का तरीका- श्रावण की पूर्णिमा को रक्षाबन्धन का त्योहार उल्लास व उमंग के साथ मनाया जाता है। बहिनें अपने भाइयों के ललाट पर मंगल तिलक लगाती हैं, उन्हें मिठाई खिलाती हैं तथा उनके हाथों में राखी बाँधती हैं। 'राखी-सूत्र' के बदले भाई अपनी बहिन को उपहार देता है। वास्तव में यह त्योहार भाई-बहिन के पवित्र संबंधों का त्योहार है।

4. महत्त्व - रक्षाबन्धन एक सांस्कृतिक त्योहार ही नहीं है, अपितु सामाजिक महत्त्व का त्योहार भी है। कहा जाता है। कि रानी कर्णवती ने अपनी रक्षा के लिए मुसलमान बादशाह हुमायूँ को अपना 'राखी-बन्ध' भाई बनाया था, जिसने मुसीबत के समय रानी की सहायता की थी।

5. उपसंहार - अन्य त्योहारों की भाँति रक्षा-बन्धन का त्योहार भारत में हिन्दुओं के चार प्रमुख त्योहारों में माना जाता है। इस अवसर पर भाई व बहिन परस्पर स्नेह-बन्धन की परम्परा को स्वीकार करते हैं तथा अपना कर्त्तव्य पालन करने|

RBSE MASTER JI

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈


अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा
कक्षा: 9 सभी विषय
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड


अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा
कक्षा: 7 सभी विषय
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड


कक्षा - 7 के अन्य पेपर
क्लिक करें
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान 10वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान 12वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

राजस्थान क्लासेज
Home Page
GK संबंधित PDF डाउनलोड

राजस्थान 8वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

राजस्थान 5वीं बोर्ड
सभी विषय
पेपर PDF डाउनलोड

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

WhatsApp
ग्रुप ज्वॉइन करें

डाउनलोड अन्य PDF :- क्लिक करें 👈